बस स्टैंड पर अव्यवस्था, मुख्य सड़क ही अघोषित स्टैंड

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बैकुंठपुर, 5 सितंबर। जिले भर में स्थित कई बस स्टैंडों पर अव्यवस्था आलम छाया हुआ है, और जिले के अधिकांश प्रमुख जगहों पर बस स्टैंड का निर्माण ही नहीं किया गया है ऐसे में मुख्यमार्ग पर ही बस खड़ी की जाती है। जिससे मुख्य सड़क पर आवागमन के दौरान गंभीर हादसा होने का खतरा हमेशा बने रहता है।

कोरिया जिले के पटना, चरचा, खड़गवॉ, नागपुर, आदि प्रमुख स्थान हैं लेकिन यहॉ पर अघोषित बस स्टैंड के माध्यम से वर्षो से काम चलाया जा रहा है और उक्त सभी स्थान महत्वपूर्ण नगर होने के साथ महत्वपूर्ण मार्ग पर स्थित है, लेकिन आज तक यहॉ पर बस स्टैंड का निर्माण नहीं कराया गया सिर्फ पटना को छोड़कर।

यहां यह बताना भी लाजमी होगा कि जब अविभाजित मप्र में राज्य सड़क परिवहन निगम की बसे संचालित होती थी तब पटना में बस स्टैंड गुलजार हुआ करता था, लेकिन छत्तीसगढ़ का गठन होने के पश्चात राज्य सड़क परिवहन निगम को बंद कर दिया गया और निजी बसों का ही संचालन होने लगा तब से पटना बस स्टैंड में यात्री वाहन नहीं खड़ी होती हैं। खड़ी होती है तो केवल टैक्सियॉ, जिसमें कि केवल लोकल यात्री ही सफल करते हैं और अधिकांश यात्री बस सेवा का ही उपयोग करते हैं जो बस स्टैंड में खड़ी नहीं होती बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही खड़ी होती हैं।

यहां निर्मित बस स्टैंड की उपेक्षा के कारण यात्री प्रतीक्षालय अब यात्रियों के तरस रहा है जो वीरान पड़ा हुआ है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद का दर्जा प्राप्त कोयलांचल नगरी चरचा कालरी में भी बस स्टैंड की सुविधा वर्तमान में मौजूद नहीं है, यहां पर भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही यात्री बसे खड़ी की जाती हैं। गौरतलब है कि यहां सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड बनाने का प्रस्ताव था लेकिन किन्ही कारणों से बस स्टैंड के निर्माण पर रोक लगा दी गयी है। इसी प्रकार की हालत नागपुर की भी बनी हुई है जबकि यहॉ से चिरमिरी जाने एवं मनेंद्रगढ़ जाने के लिए मार्ग है परन्तु बस स्टैंड नही है जिस कारण सड़क पर ही वाहन खड़ी कर दी जाती है जबकि मुख्य चौक पर भारी भीड़ भाड़ लगी रहती है ऐसे में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। जनपद मुख्यालय खड़गवां में भी अघोषित बस स्टैंड ही काम कर रहा है यह स्थान बिलासपुर मार्ग पर स्थित है जहां से दर्जनों वाहन प्रतिदिन गुजरती हैं और सड़क पर ही बस स्टैंड होने के कारण लोगों को परेशानी होती है।

बस स्टैंड पर यात्री वाहन पहुंचने के साथ ही हाथ ठेला वाले बसों के आस पास अपने ठेले खड़ी करने के लिए दौड़ लगाने लगते हैं, जिससे बेतरतीब हाथ ठेलों के कारण वाहन खड़ी करने के लिए भी कभी परेशानी होती है हाथ ठेलों को को खड़े करने के लिए नियत स्थान नहीं है, वहीं यहां आवारा पशु भी दिन भर विचरण करते रहते हैं। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गत माह एक यात्री को एक आवारा पशु सींगों से मारकर घायल भी कर चुका है। नपा द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

जिले के कई बस स्टैंडों पर यात्रियों के पीने के लिए पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गर्मी के दिनों को छोड़ दिया जए तो सामान्य मौसमों में यात्रियों को हॉटलों के अलावा पानी कही और नहीं मिल पाता है जबकि गर्मी के दिनों में प्याउॅ के माध्यम से ही यात्रियों को पेयजल उपलब्ध हो पाता है।

कोरिया जिले में केवल बैकुण्ठपुर, चिरमिरी व मनेंद्रगढ़ के बस स्टैंड में ही सार्वजनिक सौचालय की व्यवस्था है, जहां पर यात्रियों को परेशानी नहीं होती लेकिन इसके अलावा पटना, चरचा, नागपुर व खड़गवां के अघोषित बस स्टैंड पर शुलभ शौचालय की कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है जिस कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है खासतौर से महिला यात्रियों को।

रोजगार भर्ती मेला में बीपीएल परिवारों को आज मिलेगा मार्गदर्शन

रायगढ़,5 सितम्बर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अशोक कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन और जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के जिला रोजगार अधिकारी के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय रोजगार भर्ती मेला का आयोजन 6 सितम्बर को किया गया है।

इसका उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, वाणिज्यिक कर, राजस्व एवं पुनर्वास और जिले के प्रभारी मंत्री अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, जल संसाधन, आयाकट, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हेमचंद यादव की अध्यक्षता और रायगढ़ सांसद विष्णुदेव साय, संसदीय सचिव ओमप्रकाश राठिया, विधायक डॉ.शक्राजीत नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पटेल, नगर पालिक निगम रायगढ़ के महापौर महेन्द्र चौहथा के विशिष्ट आतिथ्य में जिला रोजगार कार्यालय के तत्वाधान में सुबह 10 बजे किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में होगा।

मोबाइल कॉर्नर



नोकिया अपनी ई सिरीज में ई-5 नाम का एक नया हैंडसेट बाजार में ला रही है। इसकी बटनें ई सिरीज के पहले के फोन के मुकाबले कुछ अलग हैं और इंटरनेट पर इस फोन का विश्लेषण करने वालों का मानना है कि ये बटनें बहुत अच्छी तरह काम नहीं कर रही हैं। लेकिन कंपनी इसकी कई खूबियां गिना रही है। इसमें हॉटमेल, जीमेल, याहूमेल जैसे दस अलग-अलग ईमेल अकाउंट एक ही मेल बॉक्स में जोड़े जा सकते हैं। इनके अलावा नोकिया का अपना एक ईमेल अलग से है। नोकिया का कहना है कि इस पर माइक्रोसॉफ्ट वर्ल्ड, एक्सल या पॉवर पाइंट पर काम किया जा सकता है, इंटरनेट पर थ्रीजी या वाईफाई के मार्फत काम हो सकता है और वीडियो या स्टिल तस्वीरें 5 मेगापिक्सल के कैमरे से ली जा सकती हैं।

छोटी सी बात

किसी एक से मिली सच्ची जानकारी पूरी तरह खतरनाक अर्धसत्य हो सकती है अगर उसे दूसरे लोगों के सच के साथ जोड़कर न देखें। अकेला सच वैसा ही होता है जैसे कोई हाथी के पैर को टटोलकर कहे कि हाथी खंभे सरीखा होता है। कई तरफ की बात सुनें, तब तय करें।

वनपाल ने जमीन का कब्जा मुक्त कराने फरियाद की

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बैकुंठपुर 5 सितंबर। सेवानिवृत वनपाल ने प्रशासन से गुहार लगायी है कि उसकी मकान व जमीन से अवैध रूप से उसे बेदखल करने वालों के विरूद्ध कार्यवाई करे।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवानिवृत वनपाल मनबहोरन राम को 1984 में तिजिया बाई द्वारा सेवा से खुश होकर मकान बाने हेतु भूमि स्वेच्छा से दी गई जिस पर उसने मकान बना कर रह रहा है।

इसी भूमि को उसका पड़ोसी कन्हईराम गुलाब आ नवल साय पनिका के साथ पटवारी से मिलकर अवैध तरीके से अपना नाम खाता बनवा कर कन्हई को बेच दिया गया जिस पर प्रकरण न्यायालय में दायर किया गया और न्यायालय द्वारा इस मामले उक्त भूमि सीताबाई का स्वामित्व मान लिया और पटवारी को सीता बाई के नाम नामांकित करने का आदेश पारित कर दिया गया। इसके बाद भी उक्त लोगों के द्वारा उक्त जमीन पर अवैध करना चाहते है इस मामले में सेवानिवृत वन पाल ने प्रशासन से उचित कार्रवाई दोषियों के विरूद्ध करने की मांग की है।

नगर के अस्पतालों में टीबी की मुफ्त जांच

रायगढ़,5 सितम्बर। पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नगर के सात चिकित्सालयों में क्षय रोग की नि:शुल्क जांच की व्यवस्था की गई है। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ.के.डी.पासवान ने बताया कि कलेक्टर अशोक अग्रवाल के दिशा-निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.उरांव के मार्गदर्शन में पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए रायगढ़ शहर के क्षय रोग के संदेहास्पद मरीज की नि:शुल्क जांच एवं इलाज के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना हेतु चिन्हित सभी निजी चिकित्सालयों में डॉट्स सेंटर की स्थापना की गई है। इनमें जे.एम.जे.मॉरनिंग स्टार हॉस्पिटल, विद्या डायग्नोटिक सेंटर चक्रधर नगर, संजीवनी नर्सिंग होम, सिटी हॉस्पिटल कोतरा रोड़, राजाप्रिय सर्जिकल सिविल लाईन, डॉ.आरएल ट्रामा सेंटर और ओ.पी.जिंदल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर पतरापाली शामिल है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ.पासवान से कार्यालयीन दिवस और समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

'संडे' बचाने शनिवार को मना लिया शिक्षक दिवस

शिक्षाधिकारी अब जवाब-तलब के मूड में

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़,5 सितम्बर। 5 सितंबर को शिक्षाविद् एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है लेकिन रायगढ़ जिले के अधिकांश स्कूलों में शिक्षक दिवस एक दिन पहले ही मना लिया गया। रविवार की छुट्टी के दिन का मजा किरकिरा न हो जाए, इस उद्देश्य से यह पूरी कवायद की गई। गंभीर बात यह है कि इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी को भी जानकारी होने के बावजूद उन्होंने इस गलत परंपरा की मुखालफत नहीं की।

शिक्षकों की अपने कथित आराध्य के प्रति कैसी भावना है, इस बात का अंदाजा महज इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने शिक्षक दिवस को एक दिन पहले ही मना कर रविवार की छुट्टी को बचा लिया। आज रायगढ़ जिले के अधिकांश स्कूलों में शिक्षक दिवस मनाने की औपचारिकता पूर्ण कर ली गई। गंभीर बात यह है कि कई स्कूलों में इस अवसर पर कार्यक्रम भी कराए गए लेकिन इनमें शाला परिवार से बाहर के लोगों को जान बूझकर नहीं बुलाया गया कि कहीं मामले का खुलासा न हो जाए। इस संबंध में जब जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.चौहान से पूछे जाने पर उन्होंने स्वीकार किया कि एक दिन पूर्व ही अधिकांश स्कूलों में शिक्षक दिवस मना लिया गया है। उन्होंने भी माना कि यह गलत परंपरा है लेकिन शिक्षकों पर कार्यवाही के संबंध में पूछे जाने पर वे कोई जवाब नहीं दे सके। हालांकि उन्होंने यह जरूर संकेत दिया कि संबंधित स्कूलों से इस बारे में जवाब-तलब हो सकती है।

सेहत

कड़वा मगर गुणकारी करेला

करेले का स्वाद भले ही कड़वा हो परंतु हमारे स्वास्थ्य एवं सौंदर्य दोनों के लिए बहुत लाभकारी है। कड़वा होने के कारण आप भले ही इसे न खाएं परंतु यह पोषक गुणों से भरपूर होता है।

करेले में 6 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 15 ग्राम प्रोटीन, 20 मिलीग्राम कैल्शियम, 70 मिलीग्राम फास्फोरस, 18 मिलीग्राम लोह तत्व, विटामिन ए, विटामिन-सी के अलावा इसमें गंधयुक्त वाष्पशील तेल, केरोटीन, ग्लूकोसाइड, सेपोनिन, एल्केलाइड एवं बिटर्स पाए जाते हैं। इन सभी पौषक तत्वों के कारण करेला केवल सब्जी न होकर औषधि का काम भी करता है। अपने कड़वे स्वाद के विपरीत करेला बहुत गुणकारी है यह हमारे स्वास्थ्य व सौंदर्य दोनों के लिए बहुत लाभकारी है।

करेला डाईबिटीज में बहुत लाभकारी है, छाया में सुखाएं हुए करेले का एक चम्मच पावडर रोज खाने से करने से डायबिटीज में चमत्कारिक लाभ मिलता है। क्योंकि करेला पेंक्रियाज को उत्तेजित कर इंसुलिन के स्त्रावण को बढ़ाता है। बिटर्स एवं एल्केलाइड की उपस्थिति के कारण इसमें रक्तशोधक गुण पाए जाते हैं। इसका प्रयोग करने से फोड़े-फुंसी एवं चर्मरोग नहीं होते।

करेले के बीज में विरेचक-तेल पाया जाता है। जिसके कारण करेले की सब्जी खाने से कब्ज नहीं होता। वहीं इसके सेवन से एसिडिटी, खट्टी डकारों में आराम मिलता है। विटामिन ए की उपस्थिति के कारण इसकी सब्जी खाने से रतौंधी रोग नहीं होता है।

करेले के आधा गिलास जूस मे 2 चम्मच शहद मिला कर गठिया वात के मरीज को दिन मे दो-तीन बार देने से उन्हें जोडों के दर्द मे जल्द आराम होता है। इसमे मौजूद पोषक तत्व हाईपर टेंशन, आंखों मे इंफेक्शन, रक्त की अशुद्धियों एक कारण होने वाले रोग, यहां तक कि एचआईवी इंफेक्शन को भी रोकता पाईल्स की शिकायत वालों को एक गिलास छाछ मे तीन बडी चम्मच करेले का जूस पीने से बहुत लाभ होता है। अपने कड़वेपन के कारण यह पेट के कीडों को भी मारता है।

By Health-Watch

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 7 से, टीमें तय

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोरबा,5 सितंबर। शाउमावि कुदुरमाल में संपन्न जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतियोगियों द्वारा किये गये प्रदर्शन के आधार पर 7 और 8 सितंबर को कोटा में आयोजित क्षेत्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता व्हालीबाल बालक, बालिका 14, 19 वर्ष एवं कबड्डी बालक, बालिका 19 वर्ष में भाग लेने हेतु कोरबा जिले की ओर से छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है।

चयनित छात्र-छात्राओं में वॉलीबाल बालक 14 वर्ष-किशन, प्रदीप, प्रदीप भारद्वाज, रूपेश, यशपाल, पीलाराम, शिवम, विकास, कमल, कृष्ण। वॉलीबाल बालक 19 वर्ष-अभिजीत गांगोली, लेखबहादुर, रमन जोशी, मनेश, विनीत पाण्डेय, नवीन सरकार, अनिल, संदीप, डूमराज, सम्मेपाल, देव पटेल, किरन। वॉलीबाल बालिका 19 वर्ष-स्वर्णा, आशा कर्ष, अफ्रोज, रजनी, तामेश्वरी, जाषमीन, गायत्री, संजू मिरी, ज्योति कंवर, सरोजनी, योगेश्वरी। कबड्डी बालक 19 वर्ष - राजकुमार, कमलेश प्रसाद, प्रियेश, दशरथ, सुरेश कुमार, अजय दास, रमेश कुमार, मोहपाल, अमित कुमार, राजबहादुर, टेकराम, मनहरण। कबड्डी बालिका 19 वर्ष सुनीता, दिलकुमारी, ललिता, सरस्वती, शारदा, सुनिता, कल्पना, आशा, सुखसार बानो, चमेली, कुंती, ईश्वरी शामिल हैं।

किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद खरीदने की सलाह

रायगढ़,5 सितम्बर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अशोक कुमार अग्रवाल ने जिले के सभी किसानों को रासायनिक खाद निर्धारित मूल्य पर खरीदनें और अधिक मूल्य पर विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध लिखित में कृषि विभाग को शिकायत करने की सलाह दी है। रासायनिक खाद निर्धारित मूल्य से अधिक राशि पर विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध अनुज्ञापन निरस्त करते हुए नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप संचालक कृषि गयाराम ने बताया कि यूरिया उर्वरक का निर्धारित दर 279 रूपए प्रति बैग (वजन 50 किलोग्राम) है।

'सांझा चूल्हा' की शुरुआत गाजमर्रा में

डोंगरगढ़,5 सितंबर। इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा बिगड़ते पर्यावरण की सुरक्षा एवं गरीब ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समरसता के उददेश्य से एक अभिनव 'सांझा चूल्हा' योजना प्रारंभ की गई है। इंडियन आयल कार्पोरेशन के वरिष्ठ एरिया प्रबंधक पवन सरीन एवं डिप्टी एरिया मैनेजर आइ के कश्यप रायपुर के मार्गदर्शन में प्रॉमिनेंट फ्यूल सेंटर इंडेन गैस एजेंसी के संचालक विवेक वासनिक के सहयोग से इस बहुउददेशीय योजना का शुभारंभ डोंगरगांव के विधायक खेदुराम साहू के मुख्य आतिथ्य में 31 अगस्त को ग्राम पंचायत गाजमर्रा में किया गया। इस दौरान विधायक श्री साहू ने कहा कि सांझा चूल्हा गांव के गरीब ग्रामीणों के व्यस्तम दैनिक जीवन के लिए अति उपयोगी व आदर्श ईंधन बनता जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी व सरपंच वर्षा गेडाम और प्रधानपाठक लालचंद देवांगन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह का संचालन करते हुए इंडियन गैस एजेंसी के वितरक विवेक वासनिक ने सांझा चूल्हा योजना के उददेश्य की जानकारी देते हुए कहा कि राजनांदगांव व डोंगरगढ़ सहित डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गाजमर्रा में यह पहला अवसर है जब पंचायत में इस योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के सभी हितग्राहियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक उमाशंकर साहू, शेख इखलाक, अशोक रामटेके, यादव राव वासनिक, संतोष साहू, दयालू मंडावी, जानकी रमैया, के अलावा ग्राम के पंच शेर सिंह, महेश पटेल, गोपीराम, सुशीलाबाई, गिरीश वर्मा, ननकूराम, सुनील वर्मा और घनश्याम तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

Laughter Challenge

The Four Cats!

Four men were bragging about how smart their cats were. The first man was an Engineer, the second an Accountant, the third a Chemist and the fourth man was a Government Employee.

To show off, the Engineer called his cat, "T-square, do your stuff."

T-square pranced over to the desk, took out some paper and pen and promptly drew a circle, a square, and a triangle. Everyone agreed that was pretty smart.

But the Accountant said his cat could do better. He called his cat and said," Spreadsheet, do your stuff."

Spreadsheet went out to the kitchen and returned with a dozen cookies. He divided them into 4 equal piles of 3 cookies. Everyone agreed that was good.

But the Chemist said his cat could do better. He called his cat and said

"Measure, do your stuff." Measure got up, walked to the fridge, took out a quart of milk, got a 10 ounce glass from the cupboard and poured exactly 8oz. without spilling a drop into the glass.

Everyone agreed that was pretty good.

Then the three men turned to the Government Employee and said, "What can your cat do?"

The Government Employee called his cat Coffee Break and said "do your stuff."

Coffee Break jumped to his feet...

He drank the milk ate the cookies, and then beat up the other three cats. Later he claimed he injured his back while doing so, so he filed a grievance report for unsafe working conditions, put in for Workers Compensation and went home for the rest of the day on sick leave.

OBEROI TOURS & TRAVELS

INTERNATIONAL PACKAGES

DUBAI MAURITIUS | THAILAND MALAYSIA | SINGAPORE & CRUISE

K.K. ROAD, OPP. HOTEL ADITYA, RAIPUR, PH: 2539977#88

NAINITAL MANALI, GOA, KASHMIR, KERELA, GANGTOK

MALDIVES, MAURITIOUS, THAILAND, MALAYSIA, SINGAPORE, EUROPE

RAIPUR-DELHI 0800-0950 0835-1125 1915-2130	JET KONNECT AIR INDIA KINGFISHER	DELHI-RAIPUR 0540-0725 0620-0800 1650-1845
RAIPUR-MUMBAI 0910-1050 1235-1615	JET LITE AIR INDIA	MUMBAI-RAIPUR 0700-0840 1025-1155
RAIPUR-HYDERABAD 1950-2135 1135-1315	KINGFISHER JET	HYDERABAD-RAIPUR 0800-0945 1440-1615
RAIPUR-BHOPAL 1645-1815	JET	BHOPAL-RAIPUR 0935-1105
RAIPUR-INDORE 0835-1040 1645-1930	KINGFISHER JET	INDORE-RAIPUR 1725-1930 0820-1105
RAIPUR-AHMEDABAD 1645-2120 0835-1240	JET KINGFISHER	AHMEDABAD-RAIPUR 0630-1105 1550-1930
RAIPUR-KOLKATA 2000-2200 1015-1230	KINGFISHER KINGFISHER	KOLKATA-RAIPUR 0555-0805 1715-1920
RAIPUR-NAGPUR 0805-0845 AIR INDIA	PUNE-RAIPUR 0550-0945 KINGFISHER	RAIPUR-BHUBANESHWAR 1235-1335 AIR INDIA

PASSPORT* *APPROVED Agency by Govt.of India | IATA | VISA

Lowest Through Fares Available for Bangalore, Chennai, Tirupati, Goa, Etc.

रिटायर्ड पुलिस कर्मी से गाली-गलौज, पुत्र को जान से मारने की धमकी

रायगढ़,5 सितम्बर। रिटायर्ड पुलिस कर्मी के घर आधी रात घुसकर चार युवकों ने अश्लील गाली-गलौज की और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। चक्रधर नगर पुलिस ने इस मामले में चार युवकों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि छोटे अतरमुड़ा निवासी रिटायर्ड पुलिस कर्मी ताराचंद श्रीवास्तव के घर शुक्रवार की रात चार युवक शराब के नशे में धुत्त होकर घुसे और पूरे परिवार वालों के साथ अश्लील गाली-गलौज की। साथ ही उनके पुत्र शैलेष श्रीवास्तव को जानसे मारने की धमकी भी दी। असामाजिक तत्वों ने रिटायर्ड पुलिस कर्मी के घर करीब पौन घंटे तक उत्पात मचाया और जाते-जाते आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर मारने-पीटने की धमकी दी। चक्रधर नगर पुलिस ने शैलेष श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर आरोपी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, ईश्वर ठाकुर व एक अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। लेकिन आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चक्रधर नगर टीआई अशोक वाडेगांवकर को तत्काल आरोपियों को हिरासत में लेने निर्देश दिया है।

Notice of Change of Constitution of Firm

This is to Inform of all Public that constitution of our Firm M/s. Ramniwas Poddar , Vivekanand chowk, Po.- Manendragarh, Distt. - Korea (C.G.) has changed w.e.i. 1/4/09 and Shri Rajendra Kumar Poddar S/o Late Ramniwas Poddar, Vivekanand Chowk, Manendragarh has Retired from the Firm and Shri Sudeep Poddar S/o Shri Keshav Poddar, Vivekanand chowk Manendragarh has been introduced in the Firm with manual consent of all the partner.

By order of the firm M/s. Ramniwas Poddar.

Keshav Kumar Poddar
Partner

केलो को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़,5 सितम्बर। जीवनदायिनी केलो नदी को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने पर सामाजिक संगठनों ने एतराज जताया है।

इन संगठनों की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रायगढ़ जिले के लैलूंगा ब्लाक से अविरल जल प्रदान करने के उद्देश्य की पूर्ति करने वाली केलो मईया घरघोड़ा, तमनार, रायगढ़ शहर, खरसिया विधानसभा, पुसौर ब्लाक आदि से बहते हुए उड़ीसा प्रदेश से हीराकुड जलाशय में समा जाती है। लाखों लोग इसके प्रदूषित जल के कारण गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। वहीं अनेकों प्रशासनिक अधिकारियों के बंगलों में भी माता केलो का जल जीवन यापन के लिए प्रदाय होता है फिर भी गंभीर अपराध की धाराएं उद्योगपतियों एवं कोयला खदानों से कोसों दूर हैं। यद्यपति जनता इस हेतु आंदोलन करेगी तो बड़ी संवेधानिक धारायें प्रशासन लगाने पर आमादा हो जायेगा।

केलो समाजसेवी संस्था के मित्रभानु मालाकार, श्रीमती पुष्पा माझी, बासुदेव प्रधान, राजू चौहान, हरि मिश्रा, दलगंजन भट्ट, अनवर हुसैन सुनील जॉन, हरिराम खूंटे, अनुज पटनायक आदि ने जिला प्रशासन को चेताया कि यदि केलो मईया को प्रदूषित करने वाले उद्योगों एवं कोयला खदान के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के प्रयासों को अंजाम नहीं दिया गया तो जिला कार्यालय में धरना कार्यक्रम से आंदोलन का शंखानद किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने पदभार संभाला

रायगढ़,5 सितम्बर। राज्य शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास के पद पर ए.के.पाण्डेय की पदस्थापना रायगढ़ में की गई है। श्री पाण्डेय ने गत दिवस महिला एवं बाल विकास विभाग के मिनी स्टेडियम समीप स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पद भार ग्रहण किया। कलेक्टर अशोक अग्रवाल और अतिरिक्त कलेक्टर एस.के.शर्मा ने श्री पाण्डेय को निर्देश दिये कि जिले में महिलाओं के उत्थान के कार्यक्रम ओर महिला सशक्तिकरण पर कार्य करते हुए आत्मनिर्भर बनाने प्रयास करना सुनिश्चित करें।

प्रविष्टियां 10 तक

रायगढ़,5 सितम्बर। संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा संचालनालय के अनुसार दानवीर भामाशाह सम्मान 2010 के लिए प्रविष्टियां आगामी 15 सितम्बर के पूर्व जिले से मंगाई गई हैं। पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जिले के दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति, संस्था की प्रविष्टियां आगामी 10 सितम्बर के पूर्व आमंत्रित की गई है।